भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

भाविप्रा/रांची/भूमि प्रबंधन/23 दिनांक 06-02-23

सेवा में

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
जमशेदपुर वन प्रमण्डल
जमशेदपुर।

F/c
08/2/23

विषयः– धालभूमगढ हवाईअड्डा के विकास हेतु 99.256 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।
प्रसंगः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमंडल के कार्यालय का पत्रांक 2218/जमशेदपुर, दिनांक 21/09/2022

महाशय,

उपरोक्त प्रसागाधीन पत्र के आलोक में प्रदत्त दिशा निर्देश के अनुसार धालभूमगढ़ हवाईअड्डा के विकास हेतु 99'256 हे0 वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव में वतायी गयी त्रुटियों में अपेक्षित सुधार कर पुनः समर्पित की जा रही है।

त्रुटियों, निर्देश एवं अनुपालन प्रतिवेदन निम्नलिखित हैं।

| क0सं0 | विसंगति | प्रदत्त निर्देष | अनुपालन प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|
| 1. | समर्पित संशोधित Site Inspection Report में 45.403 हे0 को Deemed forest land के रूप में दिखाया गया है, जबकि मूल प्रस्ताव के साथ समर्पित Land Schedule में उक्त 45. 403 हे0 भूमि को Disforested land के रूप में अंकित किया गया है। संशोधित Land Schedule समर्पित किया जाय जिस पर प्रयोक्ता अभिकरण एवं संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी का नाम सहित मुहर एवं हस्ताक्षर अंकित हो। इसे ऑनलाईन समर्पित किया जाय। | संबंधित त्रुटि के निराकरण हेतु प्रस्तावित 45.403 हे0 भूमि को Deemed Forest अंकित करते हुए संशोधित भूमि विवरणी (Land Schedule) सक्षम पदाधिकारी के मुहर एवं हस्ताक्षर के साथ Online एवं Offline समर्पित किया जाय। | निर्देशानुसार त्रुटियों का निराकरण कर प्रतिवेदन समर्पित की जा रही है। |
| 2. | अंचलाधिकारी, धालभूमगढ़ द्वारा सत्यापित Land Schedule, जो Online uploaded है, में प्रस्तावित वन भूमि का रकवा 97. 166 हे0 अंकित है, जबकि प्रस्ताव के साथ Hard Copy में प्रस्तावित भूमि का रकवा 99.985 हे0 (99.256 हे0 वन भूमि + 0.729 हे0 गैर वन | संबंधित त्रुटि के निराकरण हेतु पूर्व में अंचलाधिकारी, धालभूमगढ़ द्वारा सत्यापित Online Uploaded Land Schedule में आवश्यक संशोधन करते हुए वास्तविक प्रस्तावित 99.256 हे0 भूमि अंकित कर संशोधित Land | निर्देशानुसार त्रुटियों का निराकरण कर प्रतिवेदन समर्पित की जा रही है। |

विमानपत्तन निदेशक का कार्यालय, बिरसा मुण्डा हवाई अड्डा, राँची–834002, दूरभाष : 0651–6450327, फैक्स : 0651–220500
Office of the Airport Director, Birsa Munda Airport, Ranchi-834002, Phone : 0651-6450327, Fax : 0651-2250500

| | | | |
|---|---|---|---|
| | भूमि) अंकित है। अतएव Online में सत्यापित Land Schedule को Update/Change करने की आवश्यकता है। | Schedule समर्पित किया जाय। साथ ही इसे ऑनलाईन भी अपलोड किया जाय। | |
| 3. | मूल प्रस्ताव के साथ कुल 106.00 हे0 का KML Files समर्पित है, जबकि 99.256 हे0 भूमि अपयोजन हेतु प्रस्ताविक है। अतएव वनभूमि एवं गैर वनभूमि का अलग–अलग KML Files प्रस्तावित रकवा के आधार पर Online तथा CD के रूप में समर्पित किया जाय। | संबंधित त्रुटि के निराकरण हेतु प्रस्तावित 99.256 हे0 वनभूमि कुल 99.982 हे0 भूमि अपयोजन हूतु अलग–अलग KML File Online तथा CD के रूप में समर्पित किया जाय। | निर्देशानुसार त्रुटियों का निराकरण कर, CD के साथ प्रतिवेदन समर्पित की जा रही है। |
| 4. | मूल प्रस्ताव के साथ समर्पित Cost Benefit Analysis में प्रस्तावित वनभूमि का रकवा 97.166 हे0 दर्शाया गया है एवं उसी रकवा के आधार पर Report में Calculations की गई है। इसमें सुधार अपेक्षित है, क्योंकि अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि का रकवा 99.256 हे0 है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा निर्गत Npv revised rates दिनांक 06.01.2022 से प्रभावी है। अतएव Cost Benefit analysis में NPV दर के आधार पर की गई गणना को संशोधित किया जाना अनिवार्य है। वर्णित दोनों विन्दुओं पर अनुपालन सुनिश्चित करते हुए संशोधित Cost Benefit Analysis Report समर्पित किया जाय। | संबंधित त्रुटि के निराकरण हेतु लागत–लाभ विश्लेषण प्रतिवेदन में प्रस्तावित 99.256 हे0 वनभूमि का रकवा अंकित कर तदनुसार भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के पत्रांक FNO-5-3/2011-FC(VOI-I) दिनांक 06.01.2022 द्वारा निर्धारित पुनरीक्षित एन0पी0वी0 राशि की गणना कर पुनरीक्षित लागत–लाभ विश्लेषण प्रतिवेदन समर्पित किया जाय। | भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के पत्रांक FNO-5-3/2011-FC(VOI-I) दिनांक 06.01.2022 द्वारा निर्धारित पुनरीक्षित एन0पी0वी0 राशि की गणना के आलोक में लागत–लाभ विश्लेषण प्रतिवेदन को संशोधित कर समर्पित की जा रही है। |

अनुरोध है कि अग्रेतर कार्यवाही करने की कृपा करें।

विश्वासभाजन

विमानपत्तन निदेशक
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
बिरसा मुण्डा विमानपत्तन,
रांची।

निदेशक विमानपत्तन / AIRPORT DIRECTOR
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण / AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
बिरसा मुण्डा हवाईअड्डा, रांची / BIRSA MUNDA AIRPORT, RANCHI